सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२३-२०२४

कक्षा:-पाँचवीं | विषय: हिंदी | पाठ:१ वरदान

शब्दार्थ

पृष्ठ संख्या 8 तथा 9 पर दिए गए सभी शब्दार्थ अपनी कार्य पुस्तिका में लिखिए।

प्र०१- कवि भारत माता को कैसे रूप में सजा हुआ देखना चाहते हैं?

उ०- कवि भारत माता को अलौकिक रूप में सजा हुआ देखना चाहते हैं।

प्र०२- कवि अपने होठों और नेत्रों का उपयोग किस काम में करना चाहते हैं?

उ०-कवि अपने होठों से भारत माता की प्रसिद्धि का गीत गाना चाहते हैं तथा नेत्रों से भारत माता के सुंदर रूप को देखते रहना चाहते हैं ।

प्र०३-कवि सदैव ईश्वर को याद रखना क्यों चाहते हैं?

उ०-कवि अपने हृदय में अमृत धारा बहने तथा उन्नति करने के लिए सदैव ईश्वर को याद रखना चाहते हैं।

प्र०४-कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?

उ०-कवि यह संदेश देना चाहते हैं कि हमें ईश्वर को याद रखते हुए तथा सत्कर्म करते हुए आगे बढ़ते रहना चाहिए।

वाक्य प्रयोग

१-शुष्क (सूखा)

वर्षा ना होने के कारण धरती की ऊपरी परत शुष्क हो गई है।

२-उन्नति (विकास)

भारत दिन - प्रतिदिन उन्नति के मार्ग पर अग्रसर है।

३-दिव्य रूप (अलौकिक रूप)

वनों में प्रकृति का दिव्य रूप दर्शनीय होता है।

४-मानस (हृदय,मन)

हमें अपने मानस में पवित्र विचारों को ही धारण करना चाहिए।

५-नित्य (प्रतिदिन)

हमें नित्य अपने शरीर की स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए।